संख्या: 1:05:138:I:CS

दिनांक: 27.02.2026

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Limited**<br>Listing Department, Exchange Plaza,<br>Bandra – Kurla Complex, Bandra (E)<br>**MUMBAI – 400 051.**<br><br>**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड,**<br>लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), **मुंबई-400 051** | **BSE Limited,**<br>Department of Corporate Services,<br>Floor – 25, PJ Towers, Dalal Street,<br>**MUMBAI – 400 001.**<br><br>**बीएसई लिमिटेड,**<br>कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,<br>पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, **मुंबई-400001** |

**विषय: सासवाड़ ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) का स्थानांतरण।**

महोदया/महोदय,

यह सूचित किया जाता है कि पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की निम्नलिखित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को 26.02.2026 को सफल बोलीदाता, महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया गया है:

**सासवाड़ ट्रांसमिशन लिमिटेड,** जिसकी स्थापना "महाराष्ट्र के पुणे जिले में 400/220 kV AIS सब-स्टेशन" के विकास और स्थापना हेतु की गई थी।

इस लेन-देन से संबंधित विवरण नीचे दिए गए हैं:

| **क्र. सं.** | **विवरण** | **ब्योरा** |
|---|---|---|
| | | **सासवाड़ ट्रांसमिशन लिमिटेड** |
| 1. | सूचीबद्ध इकाई की ऐसी इकाई या प्रभाग द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए योगदान की राशि और टर्नओवर या राजस्व या आय और नेट वर्थ का प्रतिशत। | नगण्य |
| 2. | बिक्री के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की तिथि। | उक्त एसपीवी की सफल बोलीदाता को बिक्री और हस्तांतरण की प्रक्रिया 26.02.2026 को पूरी हो गई है। |
| 3. | बिक्री/निपटान के पूरा होने की अपेक्षित तिथि। | |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | ऐसी बिक्री/निपटान से प्राप्त प्रतिफल। | शेयर खरीद समझौते के अनुसार ₹3,79,31,992 /- (रुपये तीन करोड़ उनासी लाख इकतीस हज़ार नौ सौ बानवे मात्र)। |
| 5. | खरीदार का संक्षिप्त विवरण और क्या खरीदार प्रवर्तक/प्रवर्तक समूह/समूह कंपनियों से संबंधित है। यदि हाँ, तो उसका विवरण। | सफल बोलीदाता का नाम:<br>**महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**<br>यह उल्लेख करना उचित है कि ऊपर उल्लिखित सफल बोलीदात, प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह से संबंधित नहीं है। |
| 6. | क्या यह लेन-देन 'संबंधित पक्ष लेनदेन' के दायरे में आता है? यदि हाँ, तो क्या इसे 'आर्म्स लेंथ' के आधार पर किया गया है? | यह लेन-देन 'संबंधित पक्ष लेनदेन' के दायरे में नहीं आता है। |
| 7. | क्या यह लेन-देन 'स्लम सेल' की प्रकृति का है? | पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की बिक्री और सफल बोलीदाता (जैसा कि ऊपर बिंदु संख्या 5 में विवरण दिया गया है) को हस्तांतरण का प्रस्ताव, 'स्लम सेल' की प्रकृति का नहीं है।<br><br>इसके अलावा, एसपीवी की बिक्री और हस्तांतरण के लिए प्रतिफल का निर्धारण विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है। |

यह आपकी जानकारी और प्रसार हेतु प्रस्तुत है।

धन्यवाद।

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनीष कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
mk_agarwal@pfcindia.com